# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## ०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 13/10/2025 |
| Test Time | 9:30 AM - 11:00 AM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level II |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**

**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

**Q.1** एक टैक्सी स्टैंड से दो कैब 12 मिनट के अंतराल पर 57 km/hr की चाल से चलना शुरू करती हैं, दोनों कैब एक ही दिशा में चलती हैं। एक व्यक्ति टैक्सी स्टैंड की ओर विपरीत दिशा से आ रहा है, जो 10 मिनट के अंतराल पर दोनों कैब से मिलता है। व्यक्ति की चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 9.5 B). 7.9 C). 12.7 D). 11.4

**Correct Answer: D**

**Q.2** निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$6^2 + \sqrt{2^2} - 5\sqrt{25} - 11$$

**Ans** A). $2$ B). $3$ C). $-5$ D). $-2$

**Correct Answer: A**

**Q.3** Which country is known for its unique 'Dragon King' monarchy?

**Ans** A). Bangladesh B). Sri Lanka C). China D). Bhutan

**Correct Answer: D**

**Q.4** किसी सेल के दौरान, 50% माल को 45% लाभ पर बेचा जाता है, शेष माल में से 30% माल को 27% लाभ पर बेचा जाता है और अभी भी शेष माल को 43% की हानि पर बेचा जाता है। यदि समग्र लाभ x% है, तो x का मान कितना होगा?

**Ans** A). 10 B). 11.5 C). 13 D). 12

**Correct Answer: B**

**Q.5** ऑपरेटिंग सिस्टम के संदर्भ में, PCB का पूर्ण रूप क्या है?

**Ans** A). Program Control Board (प्रोग्राम कंट्रोल बोर्ड) B). Permanent Code Buffer (परमानेंट कोड बफर) C). Process Control Block (प्रोसेस कंट्रोल ब्लॉक) D). Printed Circuit Board (प्रिंटेड सर्किट बोर्ड)

**Correct Answer: C**

**Q.6** यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**26 + 8 × 4 − 10 ÷ 5 = ?**

**Ans** A). 74 B). 75 C). 77 D). 73

**Correct Answer: A**

**Q.7** $72 \div \left[\frac{12}{6} \times \{3 + 9 - (5 + 5 - (2 + 5))\}\right]$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 6 B). 4 C). 8 D). 3

**Correct Answer: B**

---

**Q.8** एक त्रिभुज की भुजाएँ 70 cm, 56 cm और 42 cm हैं। इसका क्षेत्रफल कितना है? ($cm^2$ में)

**Ans** A). 1176 B). 1186 C). 1171 D). 1211

**Correct Answer: A**

---

**Q.9** 30 विद्यार्थियों के एक समूह द्वारा प्राप्त औसत अंक 70 हैं और 20 विद्यार्थियों के एक अन्य समूह द्वारा प्राप्त औसत अंक 80 हैं। यदि दोनों समूहों के विद्यार्थियों को एकसाथ शामिल कर लिया जाए, दो समस्त विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त औसत अंक ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 74 B). 72 C). 76 D). 78

**Correct Answer: A**

---

**Q.10** केंद्र सरकार की एक पहल के एक भाग के रूप में, NCCF ने सितंबर 2025 में मुंबई में मोबाइल वैन के माध्यम से सब्सिडी वाले दामों पर प्याज बेचना शुरू किया। NCCF का पूर्ण रूप क्या है?

**Ans** A). National Cooperative Confederation for Food supplies (नेशनल कोऑपरेटिव कॉन्फेडेरेशन फॉर फूड सप्लाईज़)

B). National Consumer Cooperative for Food distribution (नेशनल कंज्यूमर कोऑपरेटिव फॉर फूड डिस्ट्रीब्यूशन)

C). National Consumer Confederation for Food (नेशनल कंज्यूमर कॉन्फेडेरेशन फॉर फूड)

D). National Cooperative Consumers' Federation of India (नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया)

**Correct Answer: D**

---

**Q.11** वस्तुओं X और Y के क्रय मूल्यों का अनुपात 3 : 7 है। किसी व्यक्ति ने वस्तु X को बेचकर 14% का लाभ अर्जित किया और उसे वस्तु Y को बेचने पर 11% की हानि हुई। संपूर्ण लेन-देन में उसका लाभ/हानि प्रतिशत कितना है?

**Ans** A). हानि, 3.5% B). लाभ, 5% C). हानि, 3% D). लाभ, 3.5%

**Correct Answer: A**

---

**Q.12** $7^{-8} \times 11^{-8} \times 13^{-8}$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $\frac{1}{995^8}$ B). $\frac{1}{1001^8}$ C). $\frac{1}{962^8}$ D). $\frac{1}{1025^8}$

**Correct Answer: B**

---

**Q.13** कोई व्यापारी किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 10% की छूट देता है और 15 वस्तुएं खरीदने पर 4 वस्तुएं मुफ्त देता है और पूरे लेन-देन में 35% लाभ अर्जित करता है। माना कि कोई ग्राहक 15 वस्तुओं के लिए भुगतान करता है, तो वस्तु का अंकित मूल्य, उसके क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक है?

**Ans** A). 90% B). 95% C). 89% D). 94%

**Correct Answer: A**

---

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 39 से विभाज्य है?

**Ans** A). 625092 B). 625649 C). 622776 D). 622710

**Correct Answer: A**

---

**Q.15** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। S की परीक्षा मंगलवार को है। S और P के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। T की परीक्षा U से ठीक पहले है और R की परीक्षा Q के ठीक बाद है। U और Q के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। Q के बाद कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

**Ans** A). 2 B). 1 C). 3 D). 4

**Correct Answer: B**

---

**Q.16** A, B, C, D, X और Y में से प्रत्येक ने अलग-अलग अंक प्राप्त किए हैं। केवल दो व्यक्तियों ने A से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। केवल B ने D से कम अंक प्राप्त किए हैं। X ने Y से अधिक लेकिन C से कम अंक प्राप्त किए हैं। कितने व्यक्तियों ने X से अधिक अंक प्राप्त किए हैं?

**Ans** A). दो B). एक C). चार D). तीन

**Correct Answer: B**

---

**Q.17** दो कर्मचारियों के वेतन का अनुपात 3 : 4 है। यदि पहले कर्मचारी के वेतन में 10% की वृद्धि की जाती है और दूसरे कर्मचारी के वेतन में 20% की वृद्धि की जाती है, तो उनके वेतन का नया अनुपात क्या होगा?

**Ans** A). 33 : 56 B). 33 : 47 C). 11 : 16 D). 3 : 4

**Correct Answer: C**

**Q.18** **अगस्त 2025 में, शैक्षणिक अनुसंधान और सैन्य आवश्यकताओं को आपस में जोड़ने के लिए आईआईटी (IIT) मद्रास में चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ (COAS), जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने किस सुविधा का उद्घाटन किया?**

**Ans** A). रक्षा नवाचार और प्रौद्योगिकी अनुसंधान केंद्र (Defence Innovation and Technology Research Centre)
B). प्रोजेक्ट सम्भव( SAMBHAV) सिक्योर आर्मी मोबाइल लैब
C). अग्निशोध, इंडियन आर्मी रिसर्च सेल (IARC)
D). भारत मिलिट्री टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन हब (Bharat Military Technology Incubation Hub)

**Correct Answer: C**

**Q.19** **भारत के चंद्रयान-2 मिशन के लॉन्च के समय, भारत के प्रधानमंत्री निम्नलिखित में से कौन थे ?**

**Ans** A). डॉ मनमोहन सिंह B). नरेंद्र मोदी C). पी वी नरसिम्हा राव D). अटल बिहारी वाजपेयी

**Correct Answer: B**

**Q.20** **भारत में निम्नलिखित में से कौन-से पारंपरिक नृत्य रूप में सज्जित छड़ियों के जोड़े का उपयोग किया जाता है और पारंपरिक रूप से नवरात्रि के दौरान किया जाता है?**

**Ans** A). भांगड़ा B). डांडिया C). कोली D). बिहू

**Correct Answer: B**

**Q.21** **निम्नलिखित में से किसे 'गाथा सप्तशती' या 'सप्तशती' नामक ग्रंथ की रचना का श्रेय दिया जाता है?**

**Ans** A). गौतमीपुत्र (Gautamiputra) B). शातकर्णी प्रथम (Satakarni I) C). हाल (Hala) D). श्रीमुख (Srimukha)

**Correct Answer: C**

**Q.22** **जुलाई 2025 में, भारतीय सेना ने सिंगल-आर्म ब्रिगेड्स को पैदल सेना, टैंक, तोपखाना, इंजीनियरों, यूएवी (UAVs) और विशेष बलों को मिलाकर एकीकृत कॉम्बैट यूनिटों (integrated combat units) में पुनर्गठित करना शुरू किया। इन यूनिटों को क्या कहा जाता है?**

**Ans** A). अग्नि मल्टी-डोमेन कॉम्बैट यूनिट्स (Agni Multi-Domain Combat Units)
B). वज्र इंटीग्रेटेड बैटल ग्रुप्स (Vajra Integrated Battle Groups)
C). रूद्र ऑल-आर्म्स ब्रिगेड ( Rudra All-Arms Brigades)
D). सेना कंबाइड ऑपरेशन ब्रिगेड्स (Sena Combined Operations Brigades)

**Correct Answer: C**

**Q.23** **Which of the following zones lies between low and high tide in sea margins?**

**Ans** A). Near-shore B). Shoreline C). Tidal zone D). Foreshore

**Correct Answer: C**

**Q.24** **जून 2025 में जारी सतत विकास रिपोर्ट के 2025 संस्करण के अनुसार सतत विकास लक्ष्य (SDG) सूचकांक में भारत की रैंकिंग क्या थी?**

**Ans** A). 99 B). 106 C). 114 D). 121

**Correct Answer: A**

**Q.25** **20 cm ऊँचाई और 14 cm व्यास वाले एक धातु के ठोस बेलन को पिघलाकर, दो ठोस शंकु बनाए जाते हैं, जिनके आयतनों का अनुपात 3 : 4 और ऊँचाई 35 cm रखी जाती है। पहले और बाद के समतल पृष्ठीय क्षेत्रफल (आधारों के क्षेत्रफल) में प्रतिशत परिवर्तन कितना होगा?**

**Ans** A). $9\frac{1}{11}\%$ वृद्धि B). $14\frac{2}{7}\%$ कमी C). $22\frac{1}{9}\%$ वृद्धि D). $26\frac{1}{13}\%$ कमी

**Correct Answer: B**

**Q.26** **अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से MOST का संबंध EFKK से है । उसी तरह GEMJ का संबंध YVEA से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, IDOI का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?**

**Ans** A). AUZG B). AGUZ C). AUGZ D). AGZU

**Correct Answer: C**

**Q.27** **निम्नलिखित त्रिक में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता है।**

**WASH - HSWA - WSAH**
**NEST - TSNE - NSET**

**Ans** A). PACE - PCAE - ECAP B). TRAY - RATY - RAYT C). FOGS - SGFO - OGFS D). OILS - SLOI - OLIS

**Correct Answer: D**

**Q.28** **एक निश्चित कूट में, 'food is tasty' को 'gm rt pj' के रूप में कूटबद्ध किया गया है, 'snack is good' को 'xl rt bn' के रूप में कूटबद्ध किया गया है, और 'tasty good meal' को 'pj bn dv' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस कूट में 'meal' के लिए कूट क्या होगा?**
**(सभी कूट दो-अक्षर वाले कूट हैं।)**

**Ans** A). bn B). pj C). rt D). dv

**Correct Answer: D**

**Q.29** **दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?**

**12, 25, 51, 90, 142 , ?**

**Ans** A). 208 B). 206 C). 207 D). 209

**Correct Answer: C**

Q.30 कौन-सा कीबोर्ड शॉर्टकट, आपको MS पावर प्वाइंट 2019 में फाइल ओपेन करने के लिए सेलेक्ट करने हेतु Open dialog box खोलने की सुविधा देता है?

Ans A). Ctrl + O B). Alt + O C). Ctrl + Shift + O D). Shift + O

Correct Answer: A

Q.31 ईंधन की कीमत तीन क्रमिक महीनों में क्रमशः 10%, 45% और 10% कम होती है, लेकिन चौथे महीने में 65% बढ़ जाती है। ईंधन की मूल कीमत की तुलना में चौथे महीने में उसकी कीमत में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई? (उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित किजिए।)

Ans A). 21.55% की वृद्धि होती है B). 26.49% की कमी होती है C). 25.16% की वृद्धि होती है D). 30.57% की कमी होती है

Correct Answer: B

Q.32 3 मार्च 2025 को मनाए गए विश्व वन्यजीव दिवस की थीम (Theme) क्या थी?

Ans A). वन्यजीव संरक्षण के लिए साझेदारियां B). वन और आजीविका: लोगों और ग्रह को बनाए रखना

C). पारिस्थितिकी तंत्र के पुनःस्थापन के लिए प्रमुख प्रजातियों की पुनर्प्राप्ति D). वन्यजीव संरक्षण वित्त: लोगों और ग्रह में निवेश

Correct Answer: D

Q.33 निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

(बाएं) $ T 1 & 9 Z 7 * A M S 1 * D % 7 * (दाएं)

यदि सभी प्रतीकों को श्रृंखला से हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाएं से सातवां होगा?

Ans A). T B). 1 C). 7 D). 9

Correct Answer: C

Q.34 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सबसे अधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न:
5 विद्यार्थियों, F, A, K, E और D में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, कौन-सा विद्यार्थी सबसे छोटा है?

कथन:
(I) A, E से छोटा है। K, F से छोटा है।
(II) K, A से लंबा है।

Ans A). कथन I और II में दिया गया डेटा संयुक्त रूप से (कथन I अकेले या कथन II अकेले) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

B). कथन I और II में दिया गया डेटा संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

C). कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

D). कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

Correct Answer: B

Q.35 पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए सीटों का आरक्षण, निम्नलिखित में से किस संवैधानिक संशोधन द्वारा प्रदान किया गया है?

Ans A). 74वां संशोधन B). 75वां संशोधन C). 73वां संशोधन D). 70वां संशोधन

Correct Answer: C

Q.36 दो समानांतर पंक्तियों में से प्रत्येक पंक्ति में 4 व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं कि आसन्न व्यक्तियों के बीच की दूरी समान हो।
पंक्ति 1 में – A, D, O और P बैठे हैं और सभी दक्षिण की ओर अभिमुख हैं।
पंक्ति 2 में – U, W, Y और F बैठे हैं और सभी उत्तर की ओर अभिमुख हैं।
इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति, दूसरी पंक्ति के किसी अन्य व्यक्ति के सम्मुख है।
U, Y के बायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। P के सम्मुख व्यक्ति, Y का निकटतम पड़ोसी है। A, P के दायीं ओर किसी स्थान पर बैठा है और W के सम्मुख नहीं है। D, O के दायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है।
निम्नलिखित में से कौन, F के सम्मुख है?

Ans A). A B). D C). W D). U

Correct Answer: A

Q.37 भारत के उत्तर मध्य रेलवे क्षेत्र का मुख्यालय _________ में स्थित है।

Ans A). बिलासपुर B). जबलपुर C). प्रयागराज D). जयपुर

Correct Answer: C

Q.38 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

$32 - 15 \div 5 + 10 \times 2 = ?$

Ans A). 102 B). 100 C). 103 D). 101

Correct Answer: A

**Q.39** MS एक्सेल 2019 में, कितनी अधिकतम कॉलम चौड़ाई सेट की जा सकती है, और यह क्या दर्शाती है?

Ans A). 409 – ज़ूम-आउट व्यू में दिखाई देने वाले संभावित कैरेक्टर की संख्या दर्शाती है
B). 32767 – एक सेल में स्टोर किए जाने वाले कैरेक्टर की अधिकतम संख्या दर्शाती है
C). 255 – मॉनिटर रिज़ॉल्यूशन के आधार पर पिक्सेल को दर्शाती है
D). 255 – किसी सेल में फिट होने वाले डिफॉल्ट फॉन्ट में कैरेक्टर की संख्या दर्शाती है

**Correct Answer: D**

**Q.40** यदि चतुर्भुज के चारों कोणों का अनुपात ∠w : ∠x : ∠y : ∠z = 2 : 3 : 3 : 4 है, तो ∠x का मान कितना है?

Ans A). $70°$ B). $90°$ C). $60°$ D). $80°$

**Correct Answer: B**

**Q.41** पांच क्रमागत पूर्णांकों का औसत 12 है। इन पूर्णांकों में से सबसे बड़ा पूर्णांक ज्ञात कीजिए।

Ans A). 13 B). 11 C). 14 D). 16

**Correct Answer: C**

**Q.42** शिशु मृत्यु दर प्रति हजार शिशुओं की वह संख्या है, जिनकी मृत्यु _______ वर्ष की आयु पूर्ण होने से पहले ही हो जाती है।

Ans A). दो B). तीन C). एक D). छह

**Correct Answer: C**

**Q.43** निम्नलिखित में से कौन-से, केंद्र-राज्य विधायी संबंध के पहलू हैं?

1. केंद्र और राज्य विधायनों का क्षेत्रीय विस्तार
2. विधायी विषयों का वितरण
3. राज्य क्षेत्र में संसदीय विधायन
4. राज्य विधायन पर केंद्र का नियंत्रण

Ans A). केवल 2 और 3 B). सभी 1, 2, 3 और 4 C). केवल 1 और 2 D). केवल 1, 2 और 3

**Correct Answer: B**

**Q.44** इस प्रश्न में, एक कथन के बाद I और II द्वारा क्रमांकित दो कार्यवाइयां दी गई हैं। आपको कथन में दी गई सभी बातों को सत्य मानना है और कथन में दी गई जानकारी के आधार पर तय करना है कि कौन-सी कार्यवाइयां तार्किक रूप कथन का अनुसरण करती हैं।

कथन:
रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि अत्यधिक मछली पकड़ने और औद्योगिक प्रदूषण के कारण Y नदी में मछलियों की संख्या में तेज़ी से गिरावट आई है।

कार्यवाई:
I. Y नदी में मछली पकड़ने को कम से कम छह महीने तक विनियमित किया जाना चाहिए।
II. उद्योगों को, Y नदी में अपशिष्ट छोड़ने से पहले उसका उपचार करने का आदेश दिया जाना चाहिए।

Ans A). केवल I अनुसरण करती है B). न तो I और न ही II अनुसरण करती है C). केवल II अनुसरण करती है D). I और II दोनों अनुसरण करती हैं

**Correct Answer: D**

**Q.45** निम्नलिखित में से कौन, गंगा पर विजय प्राप्त करने वाला चोल व्यक्ति था?

Ans A). आदित्य (Aditya) B). राजराज प्रथम (Rajaraja I) C). राजेंद्र प्रथम (Rajendra I) D). विजयालय (Vijayalaya)

**Correct Answer: C**

**Q.46** कौन-सा कीबोर्ड शॉर्टकट आपको MS वर्ड 2019 में कर्सर के बाईं ओर के शब्द को तुरंत डिलीट करने की सुविधा देता है?

Ans A). Alt + Backspace B). Ctrl + Backspace C). Ctrl + Delete D). Shift + Backspace

**Correct Answer: B**

**Q.47** कोई व्यक्ति, 19 km/hr, 8 km/hr और 5 km/hr की चाल से समान दूरियों को तय करता है। संपूर्ण यात्रा के लिए उसकी औसत चाल कितनी है?

Ans A). $3\frac{271}{287}$ km/hr B). $13\frac{271}{287}$ km/hr C). $7\frac{271}{287}$ km/hr D). $5\frac{271}{287}$ km/hr

**Correct Answer: C**

**Q.48** यदि 'A' का अर्थ '+' है, 'B' का अर्थ '–' है, 'C' का अर्थ '×' है और 'D' का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

25 C 3 B 12 D 4 A 10 = ?

Ans A). 81 B). 82 C). 80 D). 83

**Correct Answer: B**

**Q.49** निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, पंचायतों के गठन से संबंधित है?

Ans A). अनुच्छेद 243A B). अनुच्छेद 243B C). अनुच्छेद 243D D). अनुच्छेद 243C

**Correct Answer: D**

**Q.50** किसी वस्तु के मूल्य में 15% की वृद्धि की जाती है और फिर 8% की छूट दी जाती है। उसके मूल्य में नेट प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 5% B). 7% C). 5.8% D). 6.2%

**Correct Answer: C**

**Q.51** कौन-सा विभज्योतकी ऊतक, पर्वसंधि पर पाया जाता है तथा घास की पुन: वृद्धि में सहायक होता है?

**Ans** A). स्थायी (Permanent) B). शीर्षस्थ (Apical) C). अंतर्वेशी (Intercalary) D). पार्श्वीय (Lateral)

**Correct Answer: C**

**Q.52** भारतीय नागरिकता प्रावधानों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

I) नागरिकता को राज्य सूची में सूचीबद्ध किया गया है।
II) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 5 से 11, नागरिकता के लिए पात्र व्यक्तियों की विभिन्न श्रेणियों से संबंधित हैं।
III) भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के केवल तीन तरीके हैं।

**Ans** A). केवल III B). I, II और III C). केवल II D). केवल I और III

**Correct Answer: C**

**Q.53** संगत भारांकों 29, 87, 15, 26 और 18 का उपयोग करके संख्याओं 17, 12, 23, 45 और 301 का भारित औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 42.5 B). 48.4 C). 58.4 D). 42.42

**Correct Answer: B**

**Q.54** Why does evaporation cause cooling?

**Ans** A). Because evaporation increases particle size B). Because evaporation reduces air pressure
C). Because particles absorb latent heat from the surroundings during evaporation
D). Because particles lose heat to the surroundings during evaporation

**Correct Answer: C**

**Q.55** स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र में, हरे पादप अपनी पत्तियों पर पड़ने वाली सौर ऊर्जा का लगभग कितना प्रतिशत ग्रहण करते हैं?

**Ans** A). 10% B). 1% C). 5% D). 0.01%

**Correct Answer: B**

**Q.56** शहरों में रहने वाली जनसंख्या का प्रतिशत क्या कहलाता है?

**Ans** A). वृद्धि दर B). जनसंख्या घनत्व C). अशोधित जन्म दर D). शहरीकरण

**Correct Answer: D**

**Q.57** प्रश्न के बाद (I) और (II) क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिए गए आंकड़ें प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सही उत्तर का चयन कीजिए।

राहुल की आयु (वर्ष में) कितनी है?

कथन:
I. राहुल के जन्म के समय उसके पिता की आयु 33 वर्ष थी।
II. राहुल अपनी माँ से 29 वर्ष छोटा है।

**Ans** A). केवल कथन II में दिए गए आंकड़ें प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं जबकि कथन I में दिए गए आंकड़ें पर्याप्त नहीं हैं।
B). कथन I और II दोनों एक साथ (न कि केवल कथन I या केवल कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
C). कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
D). केवल कथन I में दिए गए आंकड़ें प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं जबकि कथन II में दिए गए आंकड़ें पर्याप्त नहीं हैं।

**Correct Answer: C**

**Q.58** धारा की दिशा में चाल 125 km/hr है और धारा की विपरीत दिशा में चाल 25 km/hr है। किसी स्थान तक जाने और वापस आने में कुल 25 घंटे लगते हैं।
नाव द्वारा तय की गई कुल दूरी (km में) कितनी है?

**Ans** A). $1041\frac{1}{3}$ B). $520\frac{5}{6}$ C). $1041\frac{2}{3}$ D). $520\frac{1}{6}$

**Correct Answer: C**

**Q.59** A, B, C, D, E और F की लंबाई अलग-अलग है। C ठीक एक व्यक्ति से छोटा है। D, A से छोटा है लेकिन F से लंबा है। E, F से छोटा है और C, B से छोटा है। कितने व्यक्ति D से लंबे हैं?

**Ans** A). 4 B). 1 C). 3 D). 2

**Correct Answer: C**

**Q.60** निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{5}{2} + \left(\frac{1}{1 + \frac{5}{7}}\right) - \frac{3}{2}$$

Ans A). $\frac{18}{19}$ B). $\frac{19}{12}$ C). $\frac{28}{3}$ D). $\frac{11}{8}$

**Correct Answer: B**

---

**Q.61** निम्नलिखित में से कौन-सा, आवश्यक मातृ देखभाल का घटक नहीं है?

Ans A). स्तनपान प्रथाओं से संबंधित शिक्षा (Education on breastfeeding practices) B). टिटनेस प्रतिरक्षीकरण (Tetanus immunisation)
C). आयरन और फोलिक एसिड की पूरकता (Supplementation of iron and folic acid) D). अंतः गर्भाशयी प्रतिरक्षीकरण (Intrauterine insemination)

**Correct Answer: D**

---

**Q.62** अगस्त 2025 में, किस खिलाड़ी के फाइनल में रिटायर हो जाने के कारण, स्पेनिश टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज़ (Carlos Alcaraz) ने अपना पहला सिनसिनाटी (Cincinnati) ओपन खिताब जीता?

Ans A). नोवाक जोकोविच (Novak Djokovic) B). जाननिक सिन्नर (Jannik Sinner) C). दानिल मेडवेदेव (Daniil Medvedev)
D). अलेक्जेंडर ज़्वेरेव (Alexander Zverev)

**Correct Answer: B**

---

**Q.63** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ लागू करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना,पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ 13 - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

11, 68
14, 86

Ans A). 17, 103 B). 18, 104 C). 17, 104 D). 18, 103

**Correct Answer: C**

---

**Q.64** If x varies inversely as y3 − 1 and x is equal to 6 when y = 4, find the value of x when y = 8.

Ans A). $\frac{147}{115}$ B). $\frac{143}{141}$ C). $\frac{83}{98}$ D). $\frac{54}{73}$

**Correct Answer: D**

---

**Q.65** निम्नलिखित में से कौन-सी पर्वतीय वन की विशेषता है?

Ans A). इस वन के कुछ महत्वपूर्ण वृक्ष आबनूस (ebony), महोगनी (mahogany) आदि हैं। B). सागौन (Teak) इस वन की सबसे प्रमुख प्रजाति है।
C). रॉयल बंगाल टाइगर (Royal Bengal Tiger) इन वनों का प्रसिद्ध पशु है।
D). सदाबहार चौड़े पत्तों वाले वृक्ष, जैसे बांज (oaks) और चेस्टनट (chestnuts) जो यहां मुख्य रूप से पाए जाते हैं।

**Correct Answer: D**

---

**Q.66** यदि i आपतन कोण और r अपवर्तन कोण हो, तो स्नेल के नियम के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा संबंध सही है?

Ans A). sin i – sin r = नियतांक B). sin i + sin r = नियतांक C). sin i ÷ sin r = नियतांक D). sin i × sin r = नियतांक

**Correct Answer: C**

---

**Q.67** घराना परम्परा (Gharana Parampara ) निम्नलिखित में से किसमें पाई जाती है?

Ans A). कर्नाटक लोक संगीत B). हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत C). हिंदुस्तानी लोक संगीत D). कर्नाटक शास्त्रीय संगीत

**Correct Answer: B**

---

**Q.68** द ब्रुन्डलैंड रिपोर्ट (The Brundtland Report), 'हमारा साझा भविष्य (Our Common Future)' (1987), ने औपचारिक रूप से कौन-सी प्रमुख अवधारणा पेश की, जिसे भविष्य की पीढ़ियों की अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता से समझौता किए बिना वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने के रूप में परिभाषित किया गया था?

Ans A). समावेशी विकास B). सतत विकास C). हरित अर्थव्यवस्था D). पारिस्थितिकी आधुनिकीकरण

**Correct Answer: B**

---

**Q.69** 3 जून 2025 को भारत ने 141 में से 87 मत प्राप्त कर ऑस्ट्रिया को पीछे छोड़ते हुए किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन की अध्यक्षता हासिल की?

Ans A). यूनाइटेड नेशंस पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन नेटवर्क (UNPAN) B). ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (GIGPA)
C). कॉमनवेल्थ एसोसिएशन फॉर पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (CAPA) D). इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडमिनिस्ट्रेटिव साइंसेज (IIAS)

**Correct Answer: D**

Q.70 यदि दो संख्याओं का अनुपात 5 : 4 है और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 5 है, तो उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 124 B). 128 C). 90 D). 100 Correct Answer: D

Q.71 1917 का चंपारण सत्याग्रह, भारत के स्वतंत्रता संग्राम में गांधी की पहली बड़ी भागीदारी किस समूह के समर्थन में शुरू की गई थी?

Ans A). बिहार में इंडिगो किसान B). अवध में किसान काश्तकार C). बॉम्बे में कपास मिल श्रमिक D). असम में चाय वृक्षारोपण श्रमिक Correct Answer: A

Q.72 $0.848 \div 0.8 \times \frac{1}{2} + 0.125 \div \frac{5}{2} \times 0.4$ सरल कीजिए।

Ans A). 0.73 B). 0.75 C). 0.55 D). 0.53 Correct Answer: C

Q.73 निम्नलिखित श्रृंखला में, केवल एक अक्षर-समूह गलत है। गलत अक्षर-समूह का चयन कीजिए।

FHK IKN LNQ OQT RSW

Ans A). OQT B). LNQ C). FHK D). RSW Correct Answer: D

Q.74 किसी निश्चित तर्क के अनुसार, 6 का संबंध 34 से है। उसी तर्क के अनुसार, 8 का संबंध 46 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 10 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ 13 - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 56 B). 58 C). 57 D). 55 Correct Answer: B

Q.75 संख्या 977340 किससे विभाज्य है?

Ans A). 34 B). 35 C). 24 D). 37 Correct Answer: B

Q.76 समर बिंदु A से शुरू करता है और पूर्व की ओर 7 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है और बिंदु B पर रुक जाता है। वाहिद बिंदु P से शुरू करता है, जो बिंदु A के 14 km पूर्व में है, और पश्चिम की ओर 3 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है और बिंदु Q पर रुक जाता है। बिंदु Q और बिंदु B के बीच न्यूनतम दूरी कितनी है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans A). 10 km B). 11 km C). 8 km D). 9 km Correct Answer: D

Q.77 जीवन प्रत्याशा निम्नलिखित में से किसका एक सूचक है?

Ans A). वस्तु एवं विकास रिपोर्ट B). प्रौद्योगिकी और नवाचार रिपोर्ट C). मानव विकास रिपोर्ट D). विश्व रोजगार रिपोर्ट Correct Answer: C

Q.78 तीन घंटियाँ 12, 15 और 18 मिनट के अंतराल पर बजती हैं। यदि वे 10:00 am पर एक साथ बजती हैं, तो वे पुन: किस समय एक साथ बजेंगी?

Ans A). 1:00 p.m. B). 2:00 p.m. C). 12:00 p.m. D). 4:00 p.m. Correct Answer: A

Q.79 रमेश ने दो अलग-अलग योजनाओं में 2 वर्षों के लिए ₹25,000-₹25,000 का निवेश किया। पहली योजना में ब्याज दर 8% प्रति वर्ष है, जो वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित होती है, और दूसरी योजना में ब्याज दर 6% प्रति वर्ष है, जो वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित होती है। दोनों योजनाओं से अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज में कितना अंतर है?

Ans A). ₹1,060 B). ₹1,040 C). ₹1,070 D). ₹1,050 Correct Answer: C

Q.80 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से MPQO का संबंध UXYW से है। उसी तरह, DGHF का संबंध LOPN से है। समान तर्क का पालन करते हुए, KNOM का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans A). SUWV B). SVWU C). SWVU D). SWUV Correct Answer: B

**Q.81** नामेश बिंदु A से शुरू करता है और पश्चिम की ओर 4 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है और बिंदु B पर रुक जाता है। रिमित बिंदु P से शुरू करता है, जो बिंदु A से 16 km पूर्व में है, और पूर्व की ओर 3 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है और बिंदु Q पर रुक जाता है। बिंदु Q और बिंदु B के बीच न्यूनतम दूरी कितनी है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans A). 21 km B). 20 km C). 22 km D). 19 km

**Correct Answer: B**

**Q.82** लंबे पादपों में जल को ऊर्ध्वगामी खींचने के लिए जिम्मेदार प्राथमिक बल, ___________ है।

Ans A). बिंदु स्राव (guttation) B). मूलीय दाब (root pressure) C). वाष्पोत्सर्जन (transpiration) D). परासरण (osmosis)

**Correct Answer: C**

**Q.83** 4 पेन और 5 नोटबुक की कीमत ₹130 है। यदि एक पेन की कीमत 25% बढ़ जाती है और एक नोटबुक की कीमत 20% कम हो जाती है, तो 2 पेन और 4 नोटबुक की कीमत ₹82 हो जाती है। 1 पेन और 2 नोटबुक की मूल कीमत कितनी है?

Ans A). ₹20 B). ₹25 C). ₹30 D). ₹40

**Correct Answer: D**

**Q.84** अगस्त 2025 में, भारत ने किस स्थान पर अपनी पहली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) संचालित आंगनवाड़ी शुरू की, जो प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा में एक बड़ी प्रगति की परिचायक है?

Ans A). पिपरिया गांव, मध्य प्रदेश B). खरगोन गांव, महाराष्ट्र C). वडधमना गांव, नागपुर जिला, महाराष्ट्र D). धर्मपुर गांव, गुजरात

**Correct Answer: C**

**Q.85** महात्मा गांधी ने किस दमनकारी ब्रिटिश कानून को 'काला अधिनियम' करार दिया और 1919 में इसके विरुद्ध अखिल भारतीय जन विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया?

Ans A). रोलेट अधिनियम (Rowlatt Act) B). वर्नाक्यूलर प्रेस अधिनियम (Vernacular Press Act) C). भारतीय परिषद अधिनियम (Indian Councils Act) D). आयुध अधिनियम (Arms Act)

**Correct Answer: A**

**Q.86** एक शर्ट का अंकित मूल्य ₹1,200 है। एक दुकानदार अंकित मूल्य पर 5% और 15% की दो क्रमागत छूट देता है। विक्रय मूल्य, अंकित मूल्य से कितने रुपये कम है?

Ans A). ₹231 B). ₹241 C). ₹131 D). ₹141

**Correct Answer: A**

**Q.87** 1878 में, केशव चंद्र सेन के असंतुष्ट अनुयायियों ने साधारण ब्रह्म समाज की स्थापना की। निम्नलिखित में से इसके संस्थापक कौन थे?

Ans A). राजा राम मोहन राय, देबेंद्रनाथ टैगोर और केशब चंद्र सेन B). शिव चंद्र देव, रवींद्रनाथ टैगोर और सुरेंद्रनाथ बनर्जी C). आनंद मोहन बोस, शिव चंद्र देव और उमेश चंद्र दत्ता D). ईश्वर चंद्र विद्यासागर, आनंद मोहन बोस और बंकिम चंद्र चटर्जी

**Correct Answer: C**

**Q.88** किसी निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

निम्नलिखित में से किसका अर्थ है कि R, T की माता का भाई है?

Ans A). P – Q – R × S – T B). P ÷ Q × R – S + T C). P × Q ÷ R – S x T D). P ÷ Q × R ÷ S + T

**Correct Answer: B**

**Q.89** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

2 12 60 240 ? 1440

Ans A). 720 B). 780 C). 760 D). 660

**Correct Answer: A**

**Q.90** दी गई अक्षर, संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) D 4 & A $ Z G 7 R 5 % W 2 @ 3 # V 6 & F Y (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी संख्याओं को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाएं से सातवां होगा?

Ans A). @ B). G C). W D). %

**Correct Answer: C**

**Q.91** एक मशीन के मूल्य में 10% वार्षिक दर से ह्रास होता है। यदि मशीन का वर्तमान मूल्य ₹1,00,000 है, तो 2 वर्ष बाद इसका मूल्य कितना होगा?

Ans A). ₹79,000 B). ₹81,000 C). ₹80,000 D). ₹78,000

**Correct Answer: B**

**Q.92** जब एक प्लेन टेक्स्ट ईमेल भेजा जाता है, तो MIME स्टैंडर्ड के अनुसार, मैसेज हेडर में आमतौर पर कौन-सा Content-Type मान निर्दिष्ट किया जाता है?

**Ans** A). multipart/mixed B). text/html; charset=ASCII C). text/plain; charset=UTF-8 D). application/octet-stream

**Correct Answer: C**

**Q.93** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित रूप से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). NR – GL B). MF – HA C). IO – DJ D). RX – MS

**Correct Answer: A**

**Q.94** वेगेनर (Wegener) द्वारा पैंजिया (Pangaea) को घेरने वाले जल निकाय को दिया गया नाम ________ है।

**Ans** A). जल गोलार्ध (Water hemisphere) B). टेथिस (Tethys) C). लॉरेशिया (Laurasia) D). पैंथलासा (Panthalassa)

**Correct Answer: D**

**Q.95** सितंबर 2025 तक की स्थिति के अनुसार, BMW ग्रुप इंडिया (BMW Group India) के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में किसे नियुक्त किया गया?

**Ans** A). अनुराग मेहरोत्रा B). संतोष अय्यर C). बलबीर सिंह ढिल्लों D). हरदीप सिंह बरार

**Correct Answer: D**

**Q.96** 'चेन्नई बंदरगाह' निम्नलिखित में से किस जल-निकाय (water bodies) के किनारे स्थित है?

**Ans** A). मन्नार की खाड़ी B). अंडमान सागर C). अरब सागर D). बंगाल की खाड़ी

**Correct Answer: D**

**Q.97** ₹5,000 पर 5% वार्षिक दर से 2 वर्षों का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 530 B). 600 C). 580 D). 500

**Correct Answer: D**

**Q.98** निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{4}{3} + \left(\frac{1}{1 + \frac{2}{7}}\right) - \frac{4}{3}$$

**Ans** A). $\frac{9}{8}$ B). $\frac{7}{9}$ C). $\frac{3}{13}$ D). $\frac{10}{3}$

**Correct Answer: B**

**Q.99** तीन संख्याओं का औसत 49 है। पहली संख्या दूसरी संख्या की दोगुनी है और दूसरी संख्या तीसरी संख्या की दोगुनी है। सबसे बड़ी संख्या कितनी है?

**Ans** A). 84 B). 63 C). 42 D). 21

**Correct Answer: A**

**Q.100** भारत का कौन-सा गवर्नर जनरल (1848-1856) मुख्य रूप से पुरुष उत्तराधिकारी के बिना भारतीय राज्यों को अधिमेलित करने के लिए व्यपगत सिद्धांत को लागू करने से जुड़ा था?

**Ans** A). लॉर्ड वेलेज़ली (Lord Wellesley) B). लॉर्ड हेस्टिंग्स (Lord Hastings) C). लॉर्ड कॉर्नवालिस (Lord Cornwallis) D). लॉर्ड डलहौज़ी (Lord Dalhousie)

**Correct Answer: D**

**Q.101** भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, आपात स्थिति के दौरान मौलिक अधिकारों को स्वचालित रूप से निलंबित कर देता है?

**Ans** A). 359 B). 356 C). 352 D). 358

**Correct Answer: D**

**Q.102** एक निश्चित कूट में, 'books are knowledge' को 'mk xp zj', 'knowledge is power' को 'zk xp vr' और 'power brings success' को 'vr mk gt' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस कूट में 'is' का कूट क्या होगा?
(सभी कूट दो-अक्षर वाले कूट हैं।)

**Ans** A). xp B). zk C). mk D). vr

**Correct Answer: B**

**Q.103** शुद्ध घी का मूल्य ₹112/kg है। कोई बेईमान दुकानदार इसमें ₹56/kg मूल्य वाले वनस्पति तेल की मिलावट करने के बाद, इस मिश्रण को ₹91/kg की दर से बेचता है, जिससे उसे 30% का लाभ होता है। वह दोनों को किस अनुपात में मिश्रित करता है?

**Ans** A). 3 : 5 B). 1 : 3 C). 6 : 5 D). 2 : 3

**Correct Answer: B**

**Q.104** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**7, 25, 61, 115, 187 , ?**

**Ans** A). 278 B). 275 C). 277 D). 276

**Correct Answer: C**

**Q.105** दिए गए वेन आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। विभिन्न खंडों में दी गई संख्याएँ, व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती हैं।




ऐसे कितने मंत्री हैं जो मैनेजर हैं लेकिन इंजीनियर नहीं हैं?

**Ans** A). 9 B). 18 C). 10 D). 8

**Correct Answer: D**

**Q.106** निम्नलिखित में से कौन-सा देश, 2034 FIFA विश्व कप की मेजबानी करेगा?

**Ans** A). कतर B). रूस C). सऊदी अरब D). ब्राजील

**Correct Answer: C**

**Q.107** Which statement about lyophilic sols is correct?

**Ans** A). They are unstable compared to lyophobic sols. B). They are easily coagulated by electrolytes.
C). They have strong affinity for the dispersion medium. D). They do not show the Tyndall effect.

**Correct Answer: C**

**Q.108** A, B, C, D, E, F, G और H किसी वर्गाकार मेज के चारों ओर केंद्र के अभिमुख होकर बैठे हैं। उनमें से कुछ कोनों पर बैठे हैं, जबकि कुछ भुजाओं के ठीक बीच में बैठे हैं। F, G के दाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। F किसी एक कोने पर बैठा है। G के बाएं से गिनने पर, G और E के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। H, E के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। H के बाएं से गिनने पर, H और B के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। C, B के दाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। D, E का निकटतम पड़ोसी नहीं है। D के बाएं से गिनने पर, E और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). दो B). दो से अधिक C). एक भी नहीं D). एक

**Correct Answer: D**

**Q.109** मीथेन के क्लोरीन से प्रतिस्थापन में, सूर्य का प्रकाश क्यों आवश्यक होता है?

**Ans** A). ऊष्मा प्रदान करने के लिए B). ऑक्सीकरण को रोकने के लिए C). मुक्त मूलकों के निर्माण को आरंभ करने के लिए D). क्लोरीन को अवशोषित करने के लिए

**Correct Answer: C**

**Q.110** निम्नलिखित श्रृंखला में, केवल एक अक्षर-समूह गलत है। गलत अक्षर-समूह का चयन कीजिए।

**JFB RNJ ZVR HDZ PLK XTP**

**Ans** A). RNJ B). HDZ C). PLK D). ZVR

**Correct Answer: C**

**Q.111** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). NSS B). LPQ C). XBC D). SWX

**Correct Answer: A**

**Q.112** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ कैलकुलेटर, पत्थर हैं।
सभी कैलकुलेटर, पेन हैं।
कोई भी कैलकुलेटर, ऑक्टोपस नहीं है।

निष्कर्ष:
(I): कोई भी ऑक्टोपस, पत्थर नहीं है।
(II): कुछ पेन, ऑक्टोपस हैं।

Ans A). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं B). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है C). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

**Correct Answer: C**

**Q.113** एक ध्वनि तरंग में प्रति इकाई समय में एक बिंदु से गुजरने वाले संपीडनों या विरलनों की संख्या क्या निरूपित करती है?

Ans A). प्रबलता B). आवृत्ति C). आयाम D). तरंगदैर्घ्य

**Correct Answer: B**

**Q.114** 81 m लम्बी, 29 m ऊँची और 0.8 m मोटी दीवार बनाने के लिए आवश्यक, 72 cm × 50 cm × 25 cm माप वाली ईंटों की संख्या ज्ञात कीजिए, जबकि रेत और सीमेंट का मिश्रण दीवार के कुल आयतन का 40% स्थान घेरता है।

Ans A). 12496 B). 12727 C). 12687 D). 12528

**Correct Answer: D**

**Q.115** निम्नलिखित श्रृंखला में, केवल एक अक्षर-समूह गलत है। गलत अक्षर-समूह का चयन कीजिए।

HQK KNN NKQ QHS TEW WBZ

Ans A). TEW B). QHS C). WBZ D). NKQ

**Correct Answer: B**

**Q.116** निम्नलिखित में से कौन-सा, एक प्रत्यक्ष कर नहीं है?

Ans A). मूल्य वर्धित कर (VAT) B). निगमित कर C). पूंजीगत लाभ पर कर D). आयकर

**Correct Answer: A**

**Q.117** किसी माध्यम का तापमान बढ़ने पर उसमें ध्वनि की चाल पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans A). यह कम हो जाती है। B). यह तापमान से प्रभावित नहीं होती है। C). यह बढ़ जाती है। D). यह अपरिवर्तित रहती है।

**Correct Answer: C**

**Q.118** निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात सबसे बड़ा है?

Ans A). 19 : 43 B). 13 : 40 C). 20 : 38 D). 23 : 45

**Correct Answer: C**

**Q.119** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। Q की परीक्षा गुरुवार को है। U और P के बीच केवल चार व्यक्तियों की परीक्षा है, जिनमें से किसी की भी परीक्षा रविवार को नहीं है। R की परीक्षा S से ठीक पहले है। V की परीक्षा शुक्रवार को नहीं है। U की परीक्षा S के बाद नहीं है। P के बाद कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans A). 3 B). 1 C). 4 D). 2

**Correct Answer: B**

**Q.120** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह युग्म में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). GK−IP B). KO−NR C). AE−DH D). MQ−PT

**Correct Answer: A**

"